प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

27 जनवरी 2026

भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारत सरकार की प्रतिभूतियों की ओएमओ खरीद की घोषणा की

कृपया 23 जनवरी 2026 की प्रेस प्रकाशनी 2025-26/1984 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके माध्यम से यह घोषणा की गई थी कि भारतीय रिज़र्व बैंक ₹1,00,000 करोड़ की समग्र राशि के लिए ₹ 50,000 करोड़ की दो किस्तों में क्रमशः 5 फरवरी 2026 और 12 फरवरी 2026 को ओएमओ खरीद आयोजित करेगा।

2. समीक्षा करने के बाद, अब यह निर्णय लिया गया है कि उपर्युक्त तिथियों के बजाय 29 जनवरी 2026 और 5 फरवरी 2026 को ओएमओ की नीलामी की जाए। उपर्युक्त प्रेस प्रकाशनी में उल्लिखित अन्य सभी परिचालन अपरिवर्तित रहेंगे।

3. तदनुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक एकाधिक मूल्य पद्धति का उपयोग करते हुए बहु-प्रतिभूति नीलामी के माध्यम से 29 जनवरी 2026 को निम्नलिखित सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा:

क्र. सं	**आईएसआईएन**	**प्रतिभूति**	**परिपक्वता की तारीख**	**समग्र राशि**
1	IN0020240183	6.75% जीएस 2029	23-दिसंबर-2029	₹50,000 करोड़ (प्रतिभूति-वार कोई राशि अधिसूचित नहीं की गई है)
2	IN0020230036	7.17% जीएस 2030	17-अप्रैल-2030	
3	IN0020020106	7.95% जीएस 2032	28-अगस्त-2032	
4	IN0020220151	7.26% जीएस 2033	06-फरवरी-2033	
5	IN0020200245	6.22% जीएस 2035	16-मार्च-2035	
6	IN0020230077	7.18% जीएस 2037	24-जुलाई-2037	
7	IN0020230051	7.30% जीएस 2053	19-जून-2053	

4. रिज़र्व बैंक के पास निम्नलिखित अधिकार सुरक्षित हैं:

- प्रत्येक प्रतिभूतियों की खरीद की मात्रा का निर्धारण करना।
- समग्र राशि से कम राशि की बोलियां स्वीकार करना।
- पूर्णांकन प्रभाव के कारण समग्र राशि की तुलना में कुछ अधिक/कम की खरीद करना।
- कारण दिए बिना संपूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी या सभी बोलियाँ को स्वीकार या अस्वीकार करना।

5. पात्र प्रतिभागियों को **29 जनवरी 2026** को **पूर्वाह्न 9:30** और **पूर्वाह्न 10:30 बजे** के बीच भारतीय रिज़र्व बैंक कोर बैंकिंग समाधान (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में अपनी बोलियों को प्रस्तुत करना

होगा। केवल प्रणाली की विफलता की स्थिति में, भौतिक बोलियाँ स्वीकार की जाएंगी। इस तरह की भौतिक बोली निर्धारित फॉर्म में, जिसे रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (https://rbi.org.in/hi/web/rbi/forms) से प्राप्त किया जा सकता है, **पूर्वाह्न 10.30 बजे** से पहले वित्तीय बाजार परिचालन विभाग (ईमेल; फोन नंबर: 022-22630982) को प्रस्तुत की जाए।

6. नीलामी का परिणाम उसी दिन घोषित किया जाएगा और सफल सहभागियों को **30 जनवरी 2026** को **मध्याह्न 12 बजे** तक अपने एसजीएल खाते में प्रतिभूतियों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लेनी चाहिए।

(ब्रिज राज)

प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/1995

मुख्य महाप्रबंधक